हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 जून 2024

13 लालटेन युग में जीने को मजबूर हैं ग्राम कंवरआमा...

14 स्कूल भवनों की मरम्मत अधूरी, कलेक्टर...




प्रवेश प्रारंभ BCA PGDCA DCA B.P.Ed. B.P.E PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज
बेलभाठा, अभनपुर

# जिले में 6 दिन बाद मानसून के दस्तक की उम्मीद, किसानों को बारिश का इंतजार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य के दक्षिण इलाके में सक्रिय मानसून की धीमी चाल से किसानों को मानसूनी बारिश के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। कम से कम 5 से 6 दिन बाद ही मानसून के जिले में दस्तक की उम्मीद है। किसान बेसब्री से मानसून का इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल किसान मानसून से पूर्व खेती किसानी की तैयारी कर रहे हैं। दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार अगले एक-दो दिन में तेज हो सकती है। इसके बाद बुआई के लिए इंतजार कर रहे किसानों को खेती की प्रारंभिक कार्य को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

प्री-मानसून की बौछार नहीं पड़ने से भी जुताई का कार्य एक तरह से ठप पड़ा हुआ है। किसानों को जुताई के लिए मिट्टी के औसत गीला होने के लिए पानी की दरकार है। फिलहाल जिले में तेज गर्मी पड़ रही है।

उमस से लोगों को छुटकारा नहीं मिल रहा है। अच्छी बारिश के इंतजार में बैठे किसानों को खेती के लिए उपयुक्त वातावरण नजर नहीं आ रहा है। बताया जा रहा है कि अगले एक-दो दिन में आसमान में काले बादलों का जमावड़ा शुरू होगा। इसके बाद ही मानसूनी फूहारे पड़ने की उम्मीद है। इस बीच गरियाबंद जिले में पेयजल समस्या के लिए एक चिंता भी मानसून की देरी से बढ़ गई है। वजह यह है कि जिले के बांध-बैराज खाली पड़े हैं। जिले के सिकासेर जलाशय में पानी खत्म होने के कगार पर है।

## किसान मानसून से पूर्व खेती किसानी की तैयारी में जुटे



### भीषण गर्मी के कारण तय समय पर नहीं हुई जुताई

इसके अलावा दूसरे जलाशयों में भी पानी की कमी दिख रही है। पैरी नदी के एनीकट में बूंद भर पानी नहीं है। जल्द बारिश नहीं होने से पेयजल की समस्या खड़ी हो सकती है। उधर किसानों के लिए भी हालात चिंताजनक बन गए हैं। मौसम विभाग ने जून के पहले पखवाड़े में मानसून के सक्रिय होने की संभावना जाहिर की थी। मौसम विभाग से मिली जानकारी के आधार पर किसान खेती कार्य में जुटे हुए हैं। खेतों की सफाई के बाद जुताई के लिए किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के कारण तय समय पर जुताई नहीं हो पा रही है। बताया जा रहा है कि तेज गर्मी से वाष्पीकरण भी तेज हुआ है। तालाब और अन्य पानी के स्रोत लगभग सूखे के जद में आ गए हैं। जून में तापमान आमतौर पर 40 से कम रहता है, लेकिन इस बार तापमान बढ़ा हुआ है। इसके पीछे मौसम विभाग ने ग्लोबल वार्मिंग को एक वजह बताया है।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर जनचौपाल आज एक बजे होगा आयोजित

**गरियाबंद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्थगित कलेक्टर जन चौपाल 18 जून से पुनः शुरू हो रही है। 18 जून को दोपहर 1 बजे से जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिलेवासी अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। जन चौपाल में नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के लिए सभी विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहेंगे।

### केंद्रीय मंत्री तोखन आज राजिम में

**राजिम।** केंद्रीय मंत्री तोखन साहू आज मंगलवार को दोपहर 12 बजे राजिम पहुंचेंगे। यह जानकारी देते हुए उनके निज सचिव एमबी सिंह ने बताया कि सुबह 9 बजे बिलासपुर निवास से कार द्वारा राजिम के लिए रवाना होंगे। यहां दोपहर 12 बजे भगवान राजीव लोचन एवं राजिम भक्तिन माता की दर्शन कर पूरे प्रदेश के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामना करेंगे। दोपहर 1 बजे सर्किट हाऊस राजिम पहुंचेंगे। यहां उनका भोजन का कार्यक्रम रखा गया है। 1:30 बजे जिला कांकेर के लिए रवाना हो जाएंगे। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बताया कि मंत्री तोखन साहू का बस स्टैंड पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में सुबह 11:30 बजे विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में भव्य स्वागत सम्मान किया जाएगा। स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में साहू समाज के अलावा भाजपा कार्यकर्ता पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में फूल माला बुके के साथ मौजूद रहेंगे।



## वारदात : रायपुर पहुंची डॉग स्क्वायड टीम, आरोपियों के घर की तलाशी पर पुलिस को कुछ नहीं मिला

# हाथ कटी लाश का रहस्य है बरकरार, डॉग स्क्वाड परीक्षण फेल, अब जांच का नया फंडा

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

सोमवार को फिंगेश्वर पुलिस बल रायपुर से आए डॉग स्क्वायड के साथ ग्राम पसौद पहुंचकर मृत युवती के कटे दोनों हाथों की खोजबीन प्रारंभ की लेकिन खोजी डॉग बादल घटना स्थल एवं आरोपियों के घर तक ही पहुंच पाई। लेकिन वह भी युवती के दोनों कटे हुए हाथ को नहीं खोज पाया।

बता दे कि 14 जून को ग्राम पसौद निवासी चित्रसेन साहू ने फिंगेश्वर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दो माह पहले उसकी 26 वर्षीय बहन रोशनी साहू का बीमारी के चलते निधन हो गया था जिसका अंतिम संस्कार नदी में दफनाकर किया गया था। अभी हाल में पता चला कि 15 दिन पूर्व गांव के तीन युवकों ने कब्र से शव निकालकर उनके दोनों हाथ काट कर ले गये है और उसे मेरी ही बाड़ी के पीछे गड्ढा खोदकर छिपा दिया गया है इस बात का कबूलनामा उक्त कृत्य करने वाले युवकों ने भी स्वीकार किया है। इधर पुलिस राजिम एसडीएम से अनुमति लेकर 14 जून को गांव पहुंचती है और निशानदेही स्थान पर खोदाई कराती है तो उसे वहां पर कुछ भी नहीं मिला। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम के युवकों के द्वारा शव से छेडछाड़ करना बहुत ही पीड़ा देने वाला कृत्य है। यदि आप लोग आये हैं तो रोशनी के कब्र का खोदाई करके देख ले कि आरोपी जो कह रहे है वह सही हैं कि नहीं। पुलिस ने रोशनी के कब्र की खोदाई की तो सचमुच मे उसके दोनो हाथ गायब मिले।

हरिभूमि फॉलोअप








### सायबर सेल से तकनीक जांच कराई जाएगी

डॉग स्क्वायड के द्वारा वांछित स्थानों का सर्च किया गया है, लेकिन हमें कुछ भी नहीं मिला है। कुछ मोबाइल नंबर मिले है जिसे सायबर सेल के द्वारा तकनीक जांच कराई जावेगी।

**फैजूल होदा शाह,** थाना प्रभारी फिंगेश्वर

### ग्रामीणों ने कहा- आरोपियों को हमारे हवाले करो हम पूछेंगे कहां छिपाया है हाथ

16 जून को फिर से पुलिस ग्राम पसौद पहुंचकर आरोपियों के दूसरे निशानदेही की तलाश की तो उन्हे अंगुली मिला लेकिन हाथ नहीं मिला। हाथ के नहीं मिलने पर ग्रामीणो का आक्रोश बढ़ने लगा लोगों ने पुलिस से कहा कि इन आरोपियों को हमारे हवाले करो हम लोग पूछते है कि हाथ को कहां छिपाया है? उग्र भीड़ को देखते हुए आरोपियों को पुलिस फिंगेश्वर थाने ले आई वहीं पर ग्रामीण पुलिस को सफलता नहीं मिलने पर खोजी कुत्ते से हाथ खोजने की शर्त रखी और पुलिस के खिलाफ नारे बाजी की। इधर पुलिस ग्रामीणों की मांग पर उच्चधिकारियों को तलब कर रायपुर से डॉग स्क्वायड टीम को लेकर 17 जून को ग्राम पहुंचे थे।

### तपती धूप में पुलिस ने बहाए पसीने

पुलिस डॉग बादल को रोशनी के कब्र के पास ले जाया गया, खुदाई कर और शव की स्मेल कराकर उसे छोड़ा गया तो वह वहां से पुलिस के साथ ग्राम में घुसा और आरोपियों के घर के पास रूका फिर उस स्थल के पास गया जहां अंगुली बरामद की गई थी। इस नजारे को सैकड़ों ग्रामीणों ने अपनी आंखों से देखा। तपती धूप में पुलिस ने भी पसीने बहाये। मृत रोशनी के कटे हुए हाथ नहीं मिलने पर आरोपियों के घर की तलाशी पर पुलिस टीम ने की लेकिन वहां पर भी पुलिस को कुछ भी नहीं मिला। पुलिस डॉग को थोडा रिलेक्स कर फिर से आरोपियों के घर लाय गया। वहां पर डाग बादल उनके कमरों में घूमा वहीं पर बाड़ी में भी गया, लेकिन पुलिस के इतनी कड़ी मेहनत के बाद भी कुछ नहीं मिला।

### मामले की जांच दूसरे तरीके से की जाएगी

थाना प्रभारी शाह ने ग्रामीणों से कहा कि आप लोगों की मांग के अनुरूप पुलिस डॉग भी लाया गया है और काफी खोजबीन के बाद कोई नतीजा नहीं निकला है। इस मामले की जांच दूसरे तरीके से की जावेगी। इधर पुलिस की मेहनत की मृत रोशनी के भाई चित्रसेन एवं डॉक्टर दिलीप साहू सहित ग्रामीणों ने संतुष्टि जताई है। वहीं पर दूसरे तरीके से जांच करने की उम्मीद व्यक्त जताई है। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि संतोश साहू, पूर्व सरपंच संतराम साहू, डाक्ट्र दिलीप साहू, पंचगण, थाना प्रभारी फेजूल होदा शाह, एसआई चिंताराम देशमुख, एएसआई खुमान सिंग महिलांग, प्रधान आरक्षक दिलीप सिन्हा, लाक्षेन्द्र दीवान, धनुष निषाद, आरक्षक किशोर, लीली कंवर, खोरपा केरकेट्टा आदि घटना स्थल में उपस्थित थे।

# एचटी के संपर्क में आया हाईवा चालक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

जौंदा में हाईटेंशन तार से चिपककर हाईवा चालक युवक की मौत हो गई। मृतक अजय उइके पिता दशरथ उइके उम्र 25 वर्ष मध्यप्रदेश के जिला सिवनी ग्राम बलपुरा का रहने वाला था। बताया गया है कि स्टेपनी टायर को हाईवा में रखा था जिसे निकालने के लिए हाइड्रोलिक को ऊपर उठाया।

■ घटना जौंदा गांव का

ऊपर उठते ही हाइवा का हिस्सा हाईटेंशन तार से टच हो गया जिससे पूरे हाईवा में करंट आ गया और उसकी चपेट में आकर वह भी झुलस गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हालांकि उसे नवापारा के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामले की सूचना मिलने पर नवापारा पुलिस अस्पताल पहुंची और मर्ग पंचनामा कार्रवाई की है। हाइवा का नंबर सीजी 09 जेके 5413 बताया गया है। घटना की सूचना मृतक के परिजनो को दे दी गई है।

# कलेक्टर ने सिकल सेल जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून को मनाया जाएगा। इस दिन सिकल सेल जांच शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सिकलिन बिमारी की रोकथाम और बचाव के प्रचार-प्रसार के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से सिकल सेल जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सिकल सेल बीमारी के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही सिकल सेल बीमारी का निशुल्क जांच और इलाज शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध है, इसकी भी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा सिकल सेल के लक्षण और उसके प्रभाव के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। जागरूकता रथ रवाना के अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद पांडे, सीएमएचओ डॉक्टर गार्गी यदु पाल सहित स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# विवाद के दौरान बेटे ने की मां की पिटाई

**महासमुंद।** ग्राम सलडीह में पारिवारिक विवाद के दौरान बेटे ने अपनी मां की पिटाई कर दी। मामले में रिपोर्ट पर बलौदा थाने में आरोपी पुत्र के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

ग्राम सलडीह निवासी डोलामणि भोई पिता चित्रसेन भोई ने बताया कि 15 जून की शाम करीब 5 बजे मेरा पुत्र जितेन्द्र भोई मेरे साथ पैसे की लेन-देन को लेकर करते हुए गालियां और जान से मारने की धमकी दे रहा था।

इसी बीच मेरी पत्नी बनिता भोई बीच-बचाव करते हुए गाली देने से मना किया। इस पर आरोपी जितेंद्र ने उग्र होकर मेरी पत्नी बनिता के साथ हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट की। जिससे उसके चेहरा, सिर, पीठ एवं सीने में चोट आई है। उसे इलाज के लिए सरायपाली अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# जतमई मंदिर में 20 हजार रुपये की चोरी, सीसीटीवी कैमरे मिले बंद

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| पाण्डुका

प्रदेश के प्रसिद्ध जतमई मंदिर में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है। घटना बीती रात्रि की है और माता जतमई मंदिर के पास स्थित महाकाल मंदिर में यह चोरी हुई है जहां चोर ने दान पेटी से लगभग 20 हजार रूपये की चोरी कर घटना को अंजाम दिया है। सुबह जब मंदिर का पुजारी महाकाल की पूजा करने गए तो उसे महाकाल मंदिर का सामने का दरवाजा जो चुनरी में बांधा गया था वह आधा खुला हुआ और मंदिर के गर्भ गृह में रखे हुए दान पेटी टूटा हुआ मिला है। हैरानी की बात यह है कि कांच से बनाए गए इस दान पेटी में दानदाताओं द्वारा चढ़ाए हुए सारे नोट पारदर्शी रूप से दिखाई देते थे। इस कारण चोर ने दान पेटी को तोड़ा है। उसने पैसा चुराया तो शायद उसके हाथ में चोट लगा हो जिस वजह से मंदिर के अंदर खून और जिधर से भगा है वहां खून कई जगह इधर-उधर खून के छींटे फैली है। घटना की जानकारी संबंधित छुरा थाना को दी गई मौके पर थाना प्रभारी समेत थाना की टीम पहुंची है जो मामले की जांच कर रहा है साथ ही डॉग स्काड का टीम भी बुलाया गया है। बता दे कि जतमई मंदिर में यह चोरी की पहली घटना नहीं है इसके पहले भी चोरी हो चुका है बार-बार माता के मंदिर में हो रही चोरी दानदाताओं सहित श्रद्धालुओं सहित आसपास के ग्रामीणों में आस्था के साथ खिलवाड़ व संदेह पैदा कर रहा है। पहले की तरह इस बार भी चोर ने सीसीटीवी कैमरे में कपड़ा से ढक दिया है।

■ इस बार चोर ने महाकाल के मंदिर को बनाया निशाना





वहीं मौके पर पहुंची डॉग स्क्वायड की टीम छानबीन कर रही है जिसमें महाकाल की मंदिर से लेकर ऊपर दुकान तक गए फिर भंडारा से होते हुए फिर उसी स्थान पर इस प्रकार की टीम केवल मंदिर के आसपास घूम रहे हैं। तो ऐसे में अभी पूरी जांच होने की बात कह रही है। वहीं इस बारे में थाना प्रभारी छुरा दिलीप मेश्राम ने बताया की मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम आई थी। जांच किया है। मंदिर के दान पेटी की कांच को पत्थर से तोड़ा गया है। अभी कोई तथ्य सामने नही आया है। राम जी गाड़ा के द्वारा मंदिर में चोरी को शिकायत किया गया था। सीसीटीवी कैमरा को जल्द संचालन समिति के द्वारा ठीक करवाने को बोला गया है। विवेचना जारी है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## मैनपुर पहुंचे ताम्रध्वज साहू का सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# भाजपा के कार्यकाल में प्रदेश में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है इन 6 महीनो में राज्य में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है, लूट, डकौती, बलत्कार की घटना बढ गई है और तो और बलौदाबाजार की घटना काफी शर्मनाक है यह इतिहास में पहली घटना होगी कि कलेक्टर और एसपी कार्यालय को जला दिया गया है यह बहुत ही शर्मनाक घटना है उक्त बातें मैनपुर पहुंचे पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। साहू ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उसी भीड में अब नहीं सहीबों बदल के रहीबों नारे लग रहे थे जो भाजपा का स्लोगन है तो इसे क्या माना जाये। उन्होने इसे एक बड़ी इंटेलिजेंस चुक बताते हुए कहा कि प्रशासन वहां पर कंट्रोल करते हुए पूरी तरह असफल रहा है, इतनी बड़ी संख्या में भीड आ गई आगजनी हो गई लेकिन प्रशासन कुछ नहीं कर पाया। ताम्रध्वज साहू ने छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि पूर्व के कांग्रेस सरकार के कार्यकाल और वर्तमान के भाजपा सरकार की समीक्षा और तुलना किया जाये तो भाजपा सरकार के शुरू के 6 माह में ही छत्तीसगढ़ में अपराध के मामले बढ़ने लगे हैं, उन्होने आगे कहा कि पिछले 6 माह में सरकार विकास कार्य में भी शुन्य नजर आ रहा है, हमारे कांग्रेस सरकार के द्वारा स्वीकृत कराये गये सड़क, पुल, पुलिया निर्माण कार्य जो टेंडर कराये गये थे वहीं चल रहा है, कांग्रेस ने जो योजना बनाई थी गांव के अंतिम व्यक्ति तक लोगों को सीधे लाभ पहुंचाने की गौठान योजना, राजीव मितान योजना जैसे योजनाओं को बंद कर दिया गया और स्वामी आत्मांनद विद्यालय में फीस लगने लग गया।



**क्षेत्र की जनता ने जो आशीर्वाद दिया उनका आभार व्यक्त करने आया हुं :** मैनपुर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में बिन्द्रानवागढ विधानसभा स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मैनपुर, देवभोग, गरियाबंद, छुरा, गोहरापदर, अमलीपदर, झाखरपारा से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे थे। सम्मेलन में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंह साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि हेमसिंह नेंगी, ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ▶▶| शेष पेज 13 पर

RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI-CHHATTISGARH | R1
BCA BBA B.COM
MSC MSW PGDCA
B.ED M.ED D.ED
B.SC (CS / MATHS / BIOTECH)
ACHIEVE YOUR FUTURE WITH US
Deepak Advts
90161 13333



## खबर संक्षेप

### 2550 रुपए की शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर शराब रेड कार्यवाही हेतु ग्राम रानवाही बाजार स्थल के सामने घेराबंदी कर दबिश दिया। दबिश के दौरान कृष्णा नेताम पिता स्व. चमरा राम नेताम उम्र 44 वर्ष ग्राम कोकानपुर थाना कोरर जिला कांकेर के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया। उक्त अंग्रेजी शराब को बिक्री करने हेतु कोरर ले जाना बताया तथा उनके थैला को तलाशी लेने पर थैला के अंदर गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब 05 पौवा मेक्डवल नं.- 1 अंग्रेजी शराब 05 पौवा लाईफ स्टाईल फाईन अंग्रेजी शराब 05 पौवा कुल शराब 2.700 एमएल कीमती 2550 रूपये थैला के साथ बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा- 34(1)(क) आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया गया।

### सहकारी कर्मचारी रायपुर के धरने में आज होंगे शामिल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आव्हान पर आज 18 जून को सुबह 11 बजे नया रायपुर तूता में लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन, महारैली का आयोजन किया गया है। उनकी प्रमुख मांग मध्यप्रदेश शासन की भांति छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रबंधकीय अनुदान राशि लेने, धान खरीदी में सूखत आदि का प्रावधान करने, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के खाली रिक्त पदों पर समिति कर्मचारियों की भर्ती करने एवं - सेवा नियम 2018 में संशोधन कर वेतनमान में बढ़ोतरी शामिल है। जिला अध्यक्ष केशव नाग ने बताया कि कांकेर जिला से 300 पदाधिकारी व सदस्य आंदोलन में शामिल होंगे।

### केंद्रीय राज्यमंत्री आज कांकेर में

**कांकेर।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू 18 जून को अपने प्रवास के दौरान कांकेर जिले में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय राज्य मंत्री दोपहर 04 बजे कार द्वारा कांकेर पहुंचेंगे।

# प्रशासनिक सेवा की मुख्य और छग शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए हुआ मेगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा मुख्य परीक्षा 2023 एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ पीएससी मुख्य परीक्षा के 07 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के 10 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया।

जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा मुख्य परीक्षा 2023 एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 को ध्यान में रखते हु टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया, जिसमे छत्तीसगढ़ पीएससी मुख्य परीक्षा के 07 टेस्ट सीरीज का एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के 10 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ पीएससी मुख्य परीक्षा के लिए 07 टेस्ट सीरीज आयोजित किया गया एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 10 टेस्ट सीरीज क्रमशः पहले सहायक शिक्षक के लिए टेस्ट हुआ। जो संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट हुआ।



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के मुख्य परीक्षा के लिए 7 टेस्ट सीरीज के क्रम में सोमवार को सातवां व अंतिम टेस्ट पेपर - 7 सामान्य अध्ययन का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 200 नंबर का पेपर हुआ। इसमें सामाजिक एवं महत्वपूर्ण विधान, अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेल घटना एवं संगठन, अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शैक्षिक संस्थाएं एवं मानव विकास विकास में उनका योगदान आदि के प्रश्न पूछे गए थे। शिक्षक पात्रता परीक्षा हेतु 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में सोमवार को शिक्षक हेतु टीईटी का पांचवा व अंतिम टेस्ट पेपर संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -10 हुआ। जिसमें कुल 150 नंबर का पेपर हुआ। इसमें बालविकास,हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण आदि के प्रश्न पूछे गए थे। पांचवां व अंतिम टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 111 परीक्षार्थियों और अन्य शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी करने वाले 49 परीक्षार्थियों कुल 160 परीक्षार्थि शामिल हुए। ज्ञातव्य हो कि मुख्य परीक्षा के लिए कुल 36 विद्यार्थियों नें अपना पंजीयन कराया था। जबकि शिक्षक, सहायक शिक्षक भर्ती व पात्रता परीक्षा के लिए संस्था में अध्ययनरत 280 विद्यार्थियों ने जबकि संस्था के बाहर से 160 विद्यार्थी कुल 340 विद्यार्थी मेगा टेस्ट सीरिज में शामिल हुए।

## पर्व : बागबाहरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल जुहा का पर्व

# ईद उल जुहा पर अता की गई विशेष नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ईद उल जुहा या बकरी ईद मुसलमानों के लिए सबसे बड़ा त्यौहार है। रमजान ईद के पवित्र महीने के बाद ईद उल जुहा मनाया जाता है। ईद उल जुहा का त्यौहार यह दुनियाभर के मुसलमानों के लिए बेहद अहम है। नगर में स्थित नवागांव के ईद भाठा में सोमवार को सुबह 8 बजे ईद उल जुहा की नमाज अदा की गई। ईद उल जुहा त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एक दूसरे का मुबारक दी गई। ईद उल जुहा की नमाज मौलना ईरफानुलहक द्वारा अदा करवाई गई। ईद के मुबारक मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों एक दूसरे को गले



मिलकर मुबाकर बाद दी। ईद के दिन परिवार वाले दोस्त एक जगह एकत्रित होकर एक दूसरे को बधाई देते हैं। बकरी ईद कुरबानी से जुड़ी त्योहार है। और यह अल्लाह के प्रति समपर्ण है। यह त्योहर खुशियां बांटने और गरीबों और बेसहरा लोगों की मदद करने का भी होता है। ईद उल जुहा बकरी ईद को कहा जाता है। मीठी ईद यानी इदुल फितर के 70 दिनों के बाद बकरी ईद का त्यौहार मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा मनाया जाता है। ईद उल जुहा मुस्लिम समाज का आखिरी 12 महीना होता है। इस दिन सबसे पहले ईदगाह में नमाज अदा की जाती है। पश्चात अपने अपने घरों में जानवारों की कुरबानी दी जाती है। ईद के दिन सभी बच्चे बूढ़े नए कपड़े पहनकर एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। मौलाना ईरफानुलहक द्वारा ईद कि विशेष नमाज अदा करवाई गई तथा खुदा अमन चैन की दुआ मांगी गई।

इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर व नगर सहित ग्रामीण लोग उपश्थित थे। ईद उल जुहा ये दुनियाभर में मनाया जाने वाला प्रमुख त्यौहार है। इसे बकरी ईद के नाम से भी जाना जाता है।

## पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन पहुंचे ईदगाह, मुस्लिम जमात की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व नपा उपाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिभुवन महिलांग ने सोमवार को बकरीद पर्व के मौके पर एकता चौक स्थित ईदगाह मैदान पहुंचे। यहां उन्होंने बकरीद की नमाज अता करने उपस्थित हुए मुस्लिम जमात के लोगों से मुलाकात की और गले मिलकर उन्हें बकरीद पर्व की बधाई दी। मुस्लिम जमात ने महिलांग का इस्तकबाल किया और उन्हें भी पर्व की बधाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम जमात के लोग मौजूद रहें।



## स्थानीय युवाओं का हक छीनकर आउट सोर्सिंग की प्लानिंग कर रहा भाजपा सरकार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं को शासकीय नौकरी में भर्ती का झांसा देकर सरकार में आई जुमलेबाज भाजपा सरकार ने अब स्वास्थ्य विभाग में आउट सोर्सिंग के माध्यम से डाक्टरों की भर्ती करने का प्लान तैयार किया है, जो स्थानीय पढ़े-लिखे डिग्रीधारी युवाओं की उम्मीद पर कुठाराघात है। चंद्राकर ने कहा कि राज्य सरकार के मंत्री यह तर्क देते हैं कि स्थानीय स्तर पर आवेदन न आने पर अन्य राज्यों से बुलाकर डाक्टरों को नौकरी दी जाएगी। लेकिन, उनका यह तर्क सच्चाई से परे है। क्योंकि, रमन राज के समय राजधानी के आम्बेडकर अस्पताल में ही 2014 में जब 33 वार्ड ब्वॉय की वेकेंसी निकली थी तब 46 हजार आवेदन मिले थे, जो मूल छत्तीसगढ़ निवासी थे, और बीई से लेकर और भी उच्च शिक्षित थे, ऐसे में उनका यह तर्क तो सरासर झूठ है। सच्चाई यह है कि पहले भी राज्य की रमन सरकार स्थानीय युवा विरोधी थे, और वर्तमान में भाजपा की साय सरकार भी उसी राह पर चल रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के रमन सिंह शासन काल में बड़ी मात्रा में आउट सोर्सिंग के माध्यम से हर विभाग में चपरासी से लेकर अधिकारी तक दूसरे प्रदेशों के लोगों की भर्ती की गई। इसका फायदा भाजपा के तमाम छोटे से लेकर बड़े नेताओं ने जमकर कमीशनखोरी कर उठाया तथा करोड़ों का वारा-न्यारा किया। शैक्षणिक और तकनीकी योग्यता को दरकिनार कर संघियों को उपकृत किया जाता रहा। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में बेरोजगार, पढ़े-लिखे नौजवानों के हित में



उनके अधिकारों की रक्षा करने आउट सोर्सिंग सिस्टम को पूरी तरह खत्म किया गया था। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में में 5 लाख से अधिक नए नौकरियों के अवसर सृजित किये। केवल सरकारी विभागों में ही लगभग 1 लाख रिक्त पदों पर नियमित भर्ती की।

स्वास्थ्य विभाग में डाक्टर, विशेषज्ञ, नर्स और तकनिशियनों सहित 4 हजार से अधिक नियमित पदों पर भर्तियां की। अब एक बार फिर वही, दौर शुरू हो गया है। आरएसएस के लोगों को एंट्री कराने की प्लानिंग हो रही है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न सरकारी विभागों में नियमित पदों पर लगभग 48 हजार नौकरियां जो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय से प्रक्रियाधीन है, उसे भाजपा की सरकार आने के बाद बाधित कर दिया गया है। आउट सोर्सिंग छत्तीसगढ़ के बेरोजगारों का सबसे बड़ा अपमान है।

# कॉलेजों ने घटाई सीटें, क्योंकि अब प्रथम वर्ष नहीं होगा कोई फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आज से प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी लागू कर दी जाएगी। इस बदलाव का एक अन्य असर महाविद्यालयों की सीटों पर हो रहा है। कई कॉलेज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को देखते हुए अपनी सीटें घटा रहे हैं। दरअसल एनईपी के अंतर्गत परीक्षाएं वार्षिक रूप से ना होकर सेमेस्टर प्रणाली से होंगी। प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर में यदि छात्र अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, तब भी उन्हें तृतीय सत्र में प्रवेश दिया जाएगा। तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई जारी रखने के साथ ही छात्रों को पिछली कक्षाओं के बैक पेपर भी क्लियर करने होंगे। इसके बाद उन्हें पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश मिलेगा। महाविद्यालयों में सामान्यतः प्रथम वर्ष के परिणाम 50 से 60 प्रतिशत ही होते हैं। इस तरह से द्वितीय वर्ष में जाने वाले छात्रों की संख्या लगभग आधी हो जाती है। महाविद्यालयों में द्वितीय वर्ष के लिए कक्षाएं भी इसी अनुपात में आकार में छोटी होती हैं। अब प्रथम वर्ष में अनुत्तीणर्ण होने पर भी छात्रों को रोके जाने का प्रावधान नहीं रह गया है तो द्वितीय वर्ष में भी बड़ी संख्या में भी छात्र संख्या थोक में रहेगी। इसलिए प्रथम वर्ष में ही कई महाविद्यालय घटी हुई सीटों पर प्रवेश दे रहे हैं ताकि जब वे छात्र द्वितीय व तृतीय वर्ष में पहुंचे तो उनके समक्ष बैठक की दिक्कत ना हो। कई कॉलेजों ने इसकी घोषणा भी कर दी है।



- अभी नगरीय प्रशासन विभाग कर रहा दोनों योजनाओं का संचालन

# धनवंतरी और मोबाइल मेडिकल यूनिट होंगे स्वास्थ्य विभाग के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम जनता को सस्ते में दवा उपलब्ध कराने और निशुल्क पैथालॉजी सहित अन्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराने संचालित धन्वंतरी मेडिकल और मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से किया जा सकता है। विभागीय स्तर पर आए इस सुझाव के आधार पर हेल्थ अफसरों में विभागीय चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा वर्ष 2020 से स्लम बस्ती में लोगों को बीपी-शुगर सहित अन्य जांच की सुविधा देने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन शुरू किया गया था। इसके बाद वर्ष 2021 से 50 से 70 प्रतिशत सस्ती दवा उपलब्ध कराने धन्वंतरी योजना संचालित की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि दवाएं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित हैं और एमएमयू में चिकित्सकों की उपलब्धता भी उनकी जिम्मेदारी है। आने वाले दिनों में दोनों योजनाओं में सुविधाओं का विस्तार करने की तैयारी है, जिसे देखते हुए इसका संचालन सीधे स्वास्थ्य विभाग को दिए जाने पर विचार किया जा रहा है। पिछले दिनों समीक्षा बैठक में आए इस सुझाव के बाद अफसर दोनों योजनाओं पर विचार-मंथन में जुट गए हैं।

### अल्टीमेटम दे चुके

आंबेडकर अस्पताल में पैट सीटी मशीन के उपयोग पर किसी तरह का निर्णायक फैसला करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। इसके अलावा वहां पुरानी हो चुकी ऐसी मशीन, जो खराब होने की स्थिति में आ चुकी है, उन्हें सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि वहां की उपचार सुविधाओं को जल्दी ही अपडेट किया जाएगा।

### चर्चा के बाद करेंगे फैसला

धन्वंतरी एवं एमएमयू के संबंध में पिछले दिनों बैठक के दौरान सुझाव मिला था। दोनों योजनाएं स्वास्थ्य से संबंधित हैं। इनके संचालन को लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री और अधिकारियों से चर्चा के बाद फैसला किया जाएगा। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए बेहतर कदम उठाए जा रहे हैं।

**- श्याम बिहारी जायसवाल,** स्वास्थ्य मंत्री, छग

### बलौदाबाजार घटना पर कांग्रेस का आज प्रदर्शन

**कांकेर।** बलौदा बाजार की घटना के मामले में कांग्रेस का 18 जून को दोपहर 12 बजे जिला मुख्यालय कांकेर के पुराने बस स्टैंड में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री व डौडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया उपस्थित रहेंगी। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुनील गोस्वामी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के नाकामियों एवं लचर कानून व्यवस्था के कारण से बलौदाबाजार जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में में तोड़फोड़ व आगजनी की घटना घटित हुई है, जिसके परिणामस्वरूप जिले की आम जनता एवं निर्दोषजन को नुकसान भुगतना पड़ रहा है।

- सौंदर्यीकरण का काम जारी, लाइट लगाने फाउंडेशन तैयार

# बघवा तालाब में इतनी गंदगी कि साफ करने में लग गए सात माह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा के बघवा तालाब के गहरीकरण का काम अनुबंधित एजेंसी ने पूरा कर लिया है। तालाब के चारों ओर सुरक्षा के लिहाज से रिटेनिंग वॉल बनाई गई है। साथ ही लोगों के आने-जाने के लिए पाथवे बनाने का काम इन दिनों चल रहा है। 15वें वित्त आयोग मद से प्राप्त 2.50 करोड़ की राशि से इस तालाब का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कर इसे सुंदर स्वरूप दिया जा रहा है। वहीं विप्रनगर के बाईं ओर तथा यादवपारा के पास पांच हजार वर्गफीट खाली जमीन बगीचे के लिए चिन्हांकित की गई है।

नगर निगम ने ढाई दशक बाद रायपुरा के बघवा तालाब की सुध ली है। 7 माह तक तालाब की सफाई कर भारी मात्रा में गोबर और गंदगी बाहर निकालकर तालाब गहरीकरण का कार्य कराया गया है। 35 एकड़ में फैले इस तालाब से रायपुरा की आधी बस्ती सहित यादव पारा के लोग इसका उपयोग एक अरसे से निस्तारी के लिए करते आ रहे हैं। तालाब के आसपास की डेयरी के मवेशी जाने से पानी के भीतर भारी मात्रा में गोबर और गंदगी जमा थी, जिसे मशीन लगाकर तालाब से निकाला गया।

*बारिश के समय करेंगे पौधारोपण : बघवा तालाब की रिटेनिंग वॉल बनाने का काम पूरा होने के बाद अब वहां आने-जाने वाले लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए पाथवे बनाया जा रहा है। साथ ही तालाब के पास बगीचा बनाने यादव पारा के पास पांच हजार वर्गफीट जमीन को चिन्हांकित किया गया है। बारिश के समय यहां पौधारोपण किया जाएगा। कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने बताया, बगीचे में आने-जाने वाले लोगों की फिटनेस को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग तरह की एक्सरसाइज मशीनें लगाई जाएंगी। सीनियर सिटीजन के लिए अलग से वेटिंग हॉल बनाया जाएगा।*

# ढाई करोड़ के 32 ई-टायलेट कबाड़, दो कंपनियां छोड़कर भागीं, अब री-टेंडर

- दोबारा मरम्मत के लिए इस्टीमेट बनवा रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आधा दर्जन सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले इलाकों में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बनवाए गए 32 ई-टायलेट कबाड़ हो गए। देखरेख के अभाव में असामाजिक तत्वों ने कहीं ई-टायलेट में लगाई गई महंगी स्टील प्लेट पार कर दी तो कहीं स्टील से बना दरवाजा काटकर ले गए। ई-टॉयलेट में प्रयुक्त महंगे स्टील के पार्ट्स भी गायब हैं। अब इनकी दोबारा मरम्मत कराने नगर निगम ने निजी एजेंसी से ई-टॉयलेट की जांच कर इसमें लगने वाले अनुमानित खर्च का इस्टीमेट बनाने का जिम्मा दिया है। इस्टीमेट की स्वीकृति के बाद एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 4 साल पूर्व शहर के 6 प्रमुख स्थानों पर 32 ई-टायलेट बनवाए गए। इनमें एम्स हास्पिटल के सामने, सरस्वती नगर थाने के पास, पं. रामदयाल तिवारी स्कूल के बाजू वाली जगह, मेकाहारा के सामने, आनंद नगर केनाल रोड और कटोरा तालाब के सामने ई-टायलेट की सुविधा शुरू की गई थी। इन टॉयलेट के निर्माण और मेंटेनेंस के लिए हैदराबाद की एक कंपनी से अनुबंध किया गया। अनुबंधित कंपनी से इसके लिए 72 लाख रुपए सुरक्षानिधि के रूप में जमा कराए गए, पर ई-टॉयलेट निर्माण के कुछ महीने बाद अनुबंधित कंपनी नदारद हो गई, जबकि अनुबंध की शर्त अनुसार उसे 5 साल तक ई-टॉयलेट का मेंटेनेंस व संचालन करना था। इधर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अनुबंधित कंपनी द्वारा काम बीच में छोड़े जाने की स्थिति में 72 लाख की सुरक्षा निधि को राजसात कर लिया। कंपनी के यहां से भाग जाने के बाद 2021 तक ई-टॉयलेट का मेंटेनेंस नहीं हो पाया। वर्ष 2022 में रायपुर स्मार्ट सिटी ने फिर से इन ई-टॉयलेट के मेंटेनेंस के लिए रायपुर की होप फॉर ह्यूमिनिटी एजेंसी से अनुबंध किया।

*प्रोजेक्ट निगम को हैंडओवर : कबाड़ हो चुके ई-टॉयलेट के 32 यूनिट वाले प्रोजेक्ट को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 2 माह पूर्व नगर निगम के स्वच्छता विभाग को हैंडओवर कर दिया है। अब ई-टॉयलेट की मरम्मत, देखरेख और संचालन के लिए नगर निगम नई एजेंसी तय करेगा।*



### जल्द करेंगे टेंडर

ई-टॉयलेट की मरम्मत और संचालन के लिए एजेंसी तय करने जल्द ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा। अनुबंध में 3 साल तक ई-टॉयलेट की मरम्मत और संचालन की शर्त शामिल रहेगी।

**- रघुमणि प्रधान,** नोडल अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन, ननि रायपुर

ज्यादातर फेक करेंसी दूसरे प्रदेशों में खपाने का काम कर रहे थे जालसाज

# फेक करेंसी, नौकरी का झांसा, जालसाजों ने 25 हजार से ज्यादा लोगों को फंसाकर ठगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

कॉल सेंटर की आड़ में नौकरी लगाने का झांसा देने तथा नकली नोट छापने वाले जिस रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है, उनके बारे में कई अहम जानकारियां मिली हैं। पुलिस के मुताबिक, जालसाज फेक करेंसी छापकर दूसरे प्रदेशों में चलाने तथा बेचने का काम करते थे। साथ ही स्थानीय स्तर पर जालसाज शराब खरीदने तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में फेक करेंसी खपाने का काम करते थे। गौरतलब है कि पुलिस ने राजधानी के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में नौकरी लगाने के नाम पर कॉल सेंटर चलाने वाले रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए आठ जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाज पिछले चार साल से ठगी का कारोबार संचालित कर रहे थे। पुलिस ने जालसाजों के कब्जे से 25 रजिस्टर जब्त किए हैं। पुलिस ने इन रजिस्टरों की पड़ताल की तो पता चला कि जालसाजों के संपर्क में रहने वाले हिंदी भाषी राज्यों के अलावा नार्थ-ईस्ट राज्यों के बेरोजगार संपर्क में थे। पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक जालसाजों ने कॉल सेंटर की आड़ में नौकरी लगाने के नाम पर 25 हजार से ज्यादा लोगों के साथ ठगी की है।

### आसपास के राज्यों की पुलिस को देंगे सूचना

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक जालसाजों ने जिन राज्यों के बेरोजगारों के साथ घटना को अंजाम दिया है, उसकी डिटेल तैयार की जा रही है। इसके बाद संबंधित राज्यों की पुलिस को स्थानीय पुलिस सूचना देगी। साथ ही उन राज्यों में ठगी की शिकायत दर्ज कराने वाले पीड़ितों के बारे में जानकारी हासिल कर पुलिस उनसे आवश्यक डाक्यूमेंट मंगाएगी।



अलीबाबा साइट से चाइना से वाटर मार्क मंगाकर बना रहे थे नकली नोट

फर्जी वेब सीरीज देख खोला 'फर्जी' कॉल सेंटर

नकली नोट बनाए, आठ राज्यों में ठगी की दुकान

### कर रहे जांच

प्रारंभिक पड़ताल में जालसाजों द्वारा 25 हजार से ज्यादा लोगों के साथ ठगी करने की जानकारी मिली है। साथ ही नकली नोट बनाकर खपाए गए हैं। आशंका है कि उन लोगों ने नकली नोट शराब दुकान में खपाने के साथ पड़ोसी राज्यों में भेजे हैं। इसकी जांच की जा रही है।

**- संजय सिंह**
डीएसपी क्राइम

**खबर संक्षेप**

## मुड़पहार में गोंड़ समाज ने मनाया त्रिशूल स्थापना दिवस



**बसना।** रविवार को गोंडी धर्म संरक्षण समिति एवं छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मुड़पहार (केजुंवा) में गोंड समाज द्वारा त्रिशूल स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें गोंडीयन विधि-विधान से प्रकृति शक्ति पंच बूढ़ादेव की पूजा अर्चना कर महाआरती की गई। ज्ञात हो कि 12 वर्ष पूर्व गोंड़वाना गुरूदादा दुर्गे भगत सिदार के सानिध्य में महापूजन व साजा पेड़ का लाट व त्रिशूल स्थापना हुआ था। उसी परम शक्ति को याद करते हुए प्रति वर्ष यह उत्सव मनाया जाता है। कार्यक्रम के पश्चात बैठक कर समिति की जिला स्तरीय एवं ब्लाक स्तरिय पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। जिस क्रम में गोंडी धर्म संरक्षण समिति के जिला संरक्षक सुदर्शन सिंह ठाकुर, अध्यक्ष प्रेम सिंह पोर्ते, सचिव भारती, उपाध्यक्ष विश्वनाथ हीरा चुने गए। इसी सरायपाली अध्यक्ष बलदेव ओटी, उपाध्यक्ष दीनबंधू नाग, सचिव विजय सिंह नेताम व बसना से ब्लाक अध्यक्ष निमंकर जगत, सचिव श्रवण पोर्ते को चुना गया।

विड़बना : नारीपानी व कंवरआमा तक पक्की सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को हो रही है परेशान

# लालटेन युग में जीने को मजबूर हैं ग्राम कंवरआमा व नारीपानी के कमार आदिवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत तुहामेंटा के आश्रित ग्राम कंवरआमा और नारीपानी के ग्रामीण आजादी के 7 दशक बाद भी मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। कमार विकास अभिकरण के सदस्य एवं कमार आदिवासी नेता पिलेश्वर सोरी ने ग्राम कंवरआमा और नारीपानी पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात किया और इस गांव की समस्या के समाधान के लिए गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल को पत्र लिखकर समस्या समाधान करने की मांग किया है, तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 15 किलोमीटर दूर ग्राम कंवरआमा और नारीपानी के ग्रामीण आज भी आजादी के 75 साल बाद भी लालटेन युग में जीवन जीने को मजबूर हो रहे है, गांव में बिजली की रौशनी अब तक पहुंची नहीं है शासन द्वारा सौर ऊर्जा प्लेट कुछ घरों में लगाकर इस गांव में प्रकाश फैलाने का प्रयास किया गया था लेकिन वह असफल साबित हो गया, क्योकि सौर ऊर्जा से कुछ घंटे ही घरों में प्रकाश की व्यवस्था होती है और पूरी रात लोगों को लालटेन के भरोसे गुजारना पड़ता है, यहां के ग्रामीणों ने जनसमस्या निवारण शिविर से लेकर आला अधिकारियों तक को कई बार आवेदन देकर बिजली लगाने की मांग कर चुके है लेकिन अब तक गांव में बिजली की रौशनी नहीं पहुंच पाई है, ग्राम पंचायत तुहामेटा के आश्रित ग्राम कंवरआमा, नारीपानी की जनसंख्या लगभग 275 के आसपास है और दुर्गम टीले पहाड़ी जंगल के भीतर बसा हुआ है।

### झरिया खोदकर पानी पीते हैं ग्रामीण

ग्राम कंवरआमा व नारीपानी में कहने को तो 2-2 हैंडपंप है लेकिन दोनों गांव में सिर्फ इन दिनों 1-1 हैंडपंप ही चालू है दो खराब पड़े हुए है, और जो हैंड़पंप चालू है उसका पानी आयरन युक्त लाल कलर का होने के कारण लोग इस पानी का उपयोग खाने- पीने में नहीं करते क्योंकि आयरन युक्त पानी में खाना बन ही नहीं पाता। ग्रामीणों को नदी- नालों में झरिया खोदकर पानी निकालना पड़ता है।



### गर्भवती महिलाओं को खाट के सहारे ले जाते हैं अस्पताल

कंवरआमा व नारीपानी गांव तक पहुंचने के लिए सड़क भी नहीं है पगडंडियों के सहारे पैदल इस दो ग्रामों में पहुंचा जाता है। सड़क नहीं होने के कारण शासन के आला अधिकारी इस गांव में नहीं पहुंच पाते और न ही बड़े जनप्रतिनिधि जिसके कारण इस गांव तक विकास नहीं पहुंच पा रही है, सड़क नहीं होने से सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को प्रसव पीडा के समय होता है उन्हे खाट के सहारे भालूकोना तक लाना पड़ता है तब कही जाकर उन्हे मैनपुर अस्पताल तक पहुंचाया जाता है, इस गांव में जहां बांस की झोपड़ियां दूर-दूर तक दिखाई देती है क्योकि ग्रामीण कई पारा टोला में बसे हुए है, विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोग यहां निवास करते हैं जो परंपारिक अपने पुस्तैनी व्यवसाय बांस का बर्तन सूपा, टोकनी, झाड़ु, खुमरी का निर्माण कर उसे पैदल मैनपुर बाजार तक लाकर बेचते है और उससे मिलने वाली आमदनी से जीवन यापन करते हैं।

### समस्या के समाधान करने की मांग

ग्राम कंवरआमा नारीपानी पहुंचे कमार विकास अभिकरण के सदस्य एवं आदिवासी कमार नेता पिलेश्वर सोरी ने बताया कि यहां गांव मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए जुझ रहा है, गांव तक सड़क बनाना सबसे जरूरी है। सड़क बन जाने से ग्रामीणों को आने- जाने की समस्या का समाधान हो जायेगा और बाकी मूलभूत सुविधाएं भी आसानी से मिल सकेंगी। उन्होने कहा कि यहा के ग्रामीणों को राशन लेने के लिए 08 किलोमीटर पैदल आना पडता है, ग्रामीण देवीसिंह कमार, फरसराम, मंगलसिंह, फगनुराम, प्रेमलाल, श्रवण कुमार, रामजीत, घांसीराम, बजारूराम ने कंवरआमा नारीपानी की समस्या समाधान करने की मांग गरियाबंद कलेक्टर से किया है।

# ठेकेदार से चुकारा लेने निकले दो भाइयों की पटरी में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बेमचा और खरोरा के बीच आधी रात रायपुर-विशाखापट्टनम रेलवे ट्रैक पर क्या हुआ यह तो कोई नही जानता। लेकिन, सुबह दो सगे भाईयों की लाश देखकर लोगों के होश उड़ गए। वह भी उसी स्थान पर जहां कुछ साल पहले 6 मां बेटियों ने एक साथ आत्महत्या की थी। यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का यह जांच का विषय है। लेकिन, एक ही परिवार के दो सगे भाईयों की कटी हुई लाश देख परिजनों का बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि दोनों रविवार रात में ठेकेदार से रुपए लेने निकले थे।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 11 नयापारा निवासी श्रवण यादव के दो बेटे सुनील यादव (27) और आकाश यादव (24) भवन निर्माण आदि के कार्य में मजदूरी करते थे। रविवार की शाम दोनों भाई घर से यह कहकर निकले थे कि वे अपने ठेकेदार से इस सप्ताह की मजदूरी का चुकारा लेने जा रहे हैं। दोनों देर रात तक नहीं लौटे तब से चिंतित परिजन खोजबीन में जुटे रहे। सुबह करीब 6 बजे कुछ लोगों ने दो युवकों की लाश रेलवे ट्रैक पर पड़ा देख पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस भी घटना स्थल को देख हतप्रभ रह गई। यह संयोग है या कोई सोची समझी चाल यह अब भी समझ से परे हैं कि यह वही घटनास्थल है, जहां बेमचा निवासी एक ही परिवार की आधा दर्जन बेटियों और माँ ने खुदकुशी कर ली थी।

### डायरी ने दिया पिता का पता

घटना स्थल पर पहुंची पुलिस को लाश की तलाशी के दौरान एक मृतक की जेब से डायरी मिली जिसमें कुछ मोबाईल नंबर लिखे हुए थे जिसमें से एक नंबर के डायल करने पर वह नंबर मृतक के पिता का था। दो लाशों के मिलने की खबर सुनते ही घबराए परिजन मौके पर पहुंचे और युवकों की पहचान हुई। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेज दिया।

**पेज 11 के शेष**

### भाजपा के कार्यकाल में प्रदेश...

महामंत्री गेंदु यादव, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खेदू नेगी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ताम्रध्वज साहू ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पूरे महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के साथ बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे अपना आशीर्वाद दिया हार जीत लगी रहती है, उन्होने कहा कि मैं इस क्षेत्र के लोगों के साथ पारिवारिक संबध बनाया हूं और हमेशा क्षेत्र के लोगों के सुख- दुख में काम आउंगा।

इस मौके पर प्रमुख रूप से युगल पांडेय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपील, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, गुलाम मेमन, शाहिद मेमन, डोमार साहू, अमित मिरी, पूरन मेश्राम, केशु सिन्हा, अमृत पटेल, राधाबाई यादव, नेयाल नेताम, पवन दीवान, पारेश्वर नेगी, सोनू यादव, भानू सिन्हा, हरचन्द्र ध्रुव, तीव सोनी, तनवीर राजपुत, रोशन राठौर, दुलेन्द्र नेगी, लिकेश यादव, रामसिंह नागेश, दामोदर मरकाम, बिरेन्द्र ठाकुर, बनसिंह सोरी, यशवंत सोरी, प्रेमकुमार नेताम, अंगेश्वर सिंह, धनसाय सोरी, रामभरोसा, वासू बिसी, भूपेन्द्र मांझी, विरेन्द्र राजपुत, राहूल निर्मलकर, अशोक दुबे, बृजलाल सोनवानी, इम्तियाज मेमन, नजीब बेग, हुलार कश्यप, मूलसिंह ठाकुर सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अघोषित बिजली कटौती व लो-वोल्टेज से परेशान ग्रामीणों ने घेरा बिजली दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तुमगांव नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बुरी तरह चौपट बिजली व्यवस्था को लेकर परेशान ग्रामीणों स्थानीय बिजली दफ्तर का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। पप्पू पटेल ने बताया कि अघोषित कटौती तथा लो वोल्टेज की समस्या के चलते उपभोक्ता बहुत परेशान है। इतनी भीषण गर्मी में जहां लोगों का जीना मुहाल है, उमस भरी गर्मी से निजात पाने आमजन जहां पंखा कूलर की हवा में दिन गुजारने मजबूर है। वहीं बिजली विभाग के रैवये से परेशान है। किसी भी समय सुबह दोपहर शाम रात कई घंटे बिजली बंद बिना सूचना दिए कर देते है।



आक्रोशित होकर उपभोक्ताओं ने बिजली दफ्तर घेराव कर नियमित बिजली आपूर्ति करने तथा अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की।

तुमगांव सिरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल के नेतृत्व में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने विद्युत विभाग के अधिकारी का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। लोगों ने कहा है कि विद्युत सब-स्टेशन स्थापित तो किया गया है, लेकिन इसका सही लाभ क्षेत्र के लोगो को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिना पूर्व सूचना के कभी लोड शेडिंग, कभी मेंटनेंस तो कभी 33केवी में खराबी के नाम पर घंटों बिजली बंद कर दी जाती है। इससे उपभोक्ता परेशान रहते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इस संबंध में विद्युत सब-स्टेशन में सही जवाब नहीं मिलता। नगरीय क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में महीनों से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। अघोषित रुप से घंटों तक शहर में बिजली बंद हो रही है। इससे पहले भी बरसात पूर्व मेंटेनेंस के लिए कई दिनों तक नगर व ग्रामीण में बिजली किया गया था।



प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### सीएम एवं बृजमोहन के प्रति अशोक ने जताया आभार



**राजिम।** भीषण गर्मी के चलते प्रदेश में स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी गई है। नवदीप कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने भीषण गर्मी के चलते प्रशासन से मांग की थी कि स्कूलों की छुट्टियों को और बढ़ाया जाए जिससे बच्चों को तकलीफ का सामना न करना पड़े और शासन के द्वारा छुट्टियां बढ़ा दी गई। गर्मी की छुट्टी बढ़ाए जाने पर अशोक मिश्रा के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का आभार व्यक्त किया गया है। कहा कि शासन के द्वारा उचित कदम उठाया गया है इससे पालको में हर्ष है। छुट्टी से भीषण गर्मी में बच्चों को राहत मिलेगी।

### पीएम मोदी द्वारा लगातार किसानों के हित में लिया जा रहा है निर्णय : शर्मा



**मैनपुर।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तीसरे कार्यकाल का शपथ लेते ही देश के 9.3 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री सम्मान निधि जारी करने तथा 3 करोड़ पीएम आवास की स्वीकृति देने पर धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि मोदी सरकार ने लगातार तीसरी बार कमान संभालने के बाद पहला निर्णय किसानों के पक्ष में लिया, उन्होंने कहा कि योजना से 9 करोड़ 30 लाख से अधिक किसान परिवार जुड़े हुए हैं, छत्तीसगढ़ के 38 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत है। श्री शर्मा ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पाटएँ एनडीए की सरकार किसान हितैषी सरकार है, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास को प्राथमिकता में लेकर काम कर रहे हैं। साय सरकार ने श्री मोदी द्वारा किए गए वादों को पूरा करते हुए प्रति क्विंटल 3100 रुपए के भाव से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदनें का वादा निभाया, भाजपा सरकार ने किसानों के विगत दो साल की बोनस राशि देकर किसानों का भरोसा जीत लिया है।

### टोल प्लाजा में बूथ सेफ्टी रेलिंग को मारी ठोकर

**महासमुंद।** एक हाईवा चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टोल प्लाजा में बूथ सेफ्टी रेलिंग बूथ कांक्रीट एवं बूथ में लगी एसी को ठोकर मार दिया। शिकायत पर पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ धारा 279, 427 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार छुईपाली टोल प्लाजा के मैनेजर शेषू प्रसाद ने बसना पुलिस को बताया कि रविवार को पेट्रोलिंग टीम के कर्मचारी सोमनाथ भोई ने सुबह करीब 4 बजे उन्हें फोन कर बताया कि छुईपाली में हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 13 एजेड 8756 का चालक रघुराम सिंह अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर लेन नंबर 8 में लगे बूथ सेफ्टी रेलिंग बूथ कांक्रीट एवं बूथ में लगी एसी को ठोकर मारकर नुकसान पहुंचाया।

**समस्या : कैसे होगा स्कूलों का जतन, प्रधान पाठकों ने कहा - रिपेयरिंग का कार्य ठीक से नहीं हुआ**

# स्कूल भवनों की मरम्मत अधूरी, कलेक्टर के निर्देश का ठेकेदार पर कोई असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नए शिक्षा से सत्र शुभारभ 26 जून से किया जा रहा है इसके पूर्व यह 18 जून से किया जाना था किंतु गर्मी की वजह से इन्हें आगे बढ़ा दिया गया है। लगभग 10 से 12 जून के आसपास जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी की बैठक लेकर नई शिक्षा सत्र की तैयारी तेज करने और अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिया गया ताकि स्कूल खुलते हैं बच्चों को स्कूल की समस्या से 2-4 होना ना पड़े किंतु शायद यहां के अधिकारी और ठेकेदार कलेक्टर के निर्देशों के अनुकूल कार्य करते नहीं दिख रहे हैं। क्षेत्र में निकलने पर पता चलता है कि प्राथमिक शाला से लेकर हाई स्कूल तक के भवन अपूर्ण है और इन्हीं के बीच नए सत्र शुभारंभ किया जाना है। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि बच्चों को नए सत्र में भवन मरम्मत के नाम पर फिर 2-4 होना पड़ेगा, सबसे महत्वपूर्ण बातें है कि अधिकांश भवनों में सिर्फ पुट्टी, पेंटिंग और टाइल्स के लिए राशि स्वीकृत की गई है और मरम्मत के नाम पर कहीं के छत रिपेयरिंग किया गया है जहां पर अधिकांश प्रधान पाठकों को यह शिकायत है की रिपेयरिंग का कार्य ठीक से नहीं हुआ है अधिकांश ठेकेदार अपने नीचे के मजदूरों को पेंटिंग का ठेका दे रहे हैं और टाइल्स पड़ा हुआ है जो संभव है स्कूल खुलने के पश्चात ही खुलेगा।





### प्राचार्य सहित बाबू व चपरासी के पद रिक्त

हाई स्कूल दादर गांव पुराना में लगभग 28 लाख से पेंटिंग, टाइल्स, दरवाजा, साइकिल स्टैंड, वॉलीबॉल ग्राउंड अन्य कार्य किया जाना है किंतु आज स्कूल का निरीक्षण करने पर कोई भी कार्य पूर्ण नहीं है और पूरा स्कूल अस्त व्यस्त है। यह तो शासन का भला है कि उन्होंने नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ 26 जून से कर दिया है नहीं तो आज निरीक्षण करने पर पाएंगे तो वहां खड़े होने की जगह नहीं है। सभी कमरों में समान पड़ा हुआ है, विगत शिक्षा सत्र में यहां पर 42 बच्चे अध्यनरत थे यहां पर पांच शिक्षक कार्यरत है सभी का सभी कमरों पर कार्य चल रहा है इसके अलावा यहां पर प्राचार्य, बाबू व चपरासी के पद रिक्त है। 42 बच्चों में से लगभग 25 बच्चे कक्षा 10वीं के परीक्षा में बैठे थे किंतु नई भर्ती के साथ यहां के दर्ज संख्या लगभग 40 रहेगी, उसके अलावा यहां पर प्रयोगशाला, प्राचार्य कक्ष, स्टाफ कक्षा सहित दो कक्षा का संचालन किया जाता है लगभग सभी कमरों में सामान बिखरा हुआ है।



### कार्य को पूरा करने लगेगा 1 माह

यहां कार्यरत टाइल्स मिस्त्री से चर्चा करने पर बताया कि अभी काम को पूरा करने में 1 माह का और समय लगेगा। इसके अलावा पेंटिंग का कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है। इससे अंदाज लगाया जा सकता है की नई शिक्षा सत्र को लेकर अधिकारी और ठेकेदार कितने गंभीर है।

### फोन रिसीव नहीं किया

प्रभारी कार्यपालन अभियंता बीएल देवांगन आरईएस विभाग गरियाबंद को इस संबंध में फोन लगाकर जानकारी चाही तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# चार दिवसीय एफएलएल प्रशिक्षण का हुआ समापन



**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीपरतेवा में जोन स्तरीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान एफएलएल का चार दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण 17 जून को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का द्वितीय चरण रानीपरतेवा जोन का जिसमें 9 संकुल केन्द्र के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लेते हुए प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन वन्दन के साथ हुआ। तत्पश्चात प्रेरणा गीत तथा प्रतिवेदन वाचन के साथ होता रहा। प्रत्येक दिवस प्रशिक्षार्थियों के द्वारा असाइनमेंट लाया जाता था। द्वितीय चरण में भी एनइपी 2020 पर आधारित एनसीएफ एफ एस 2022 के मुख्य सिद्धांत, भाषा शिक्षण के लिए सुझाई गई संतुलित भाषा शिक्षण 4 ब्लाक मांडल और शिक्षण की रणनीतियां तथा भाषा एवं गणित की अभ्यास पुस्तिका पाठ्यपुस्तिका एवं शिक्षक संदर्शिका से परिचय एवं उपयोगिता के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा किया गया। मौखिक भाषा विकास पर विस्तृत चर्चा किया गया। डिकोडिंग के प्रचलित तरीकों पर चिन्तन और गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा किया गया।पठन विकास की कार्ययोजना एवं गतिविधियां प्रशिक्षार्थियों के द्वारा डेमो करके दिखाया गया। पुनरावृति आकलन और रेमेडियल कार्य कब किया जाय इस पर भी चर्चा किया गया। निपुण भारत के अन्तर्गत गणित शिक्षण की रणनीतियां के बारे में जानकारी दिया गया। गणित शिक्षण में चार ब्लाकों पर चर्चा किया गया वहीं प्रशिक्षार्थियों के द्वारा डेमो करके दिखाया गया। मास्टर ट्रेनर चुन्नी लाल सोनवानी के द्वारा ट्रेकर कैसे भरें के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। वहीं विद्या प्रवेश, जादुई पिटारा पुस्तकालय के सम्बन्ध में जानकारी दिया गया तथा प्रशिक्षार्थियों के द्वारा विचार आमंत्रित किया गया। नवाजतन के गतिविधियों पर ध्यान फोकस किया गया। अन्तिम दिवस बीआरसी हरीश कुमार देवांगन ने प्रशिक्षार्थी साथियों को मोटिवेशन किया तथा स्कुल खुलने के पूर्व तैयारी के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीआरसी हरीश कुमार देवांगन, एसआर डेहर पटेल, डीआरजी चुन्नी लाल सोनवानी, राकेश कुमार देवांगन, प्रेमनारायण ध्रुव, सुष्मा गिलहरे सीएसी, असलम कुरैशी, घनश्याम यदु, माधव ध्रुव, गिरवर ध्रुव, पूरण निषाद,देवकरण ध्रुव, कल्याण यदु प्रधानपाठक, गणेशी चौहान, देवेन्द्र ध्रुव, लक्ष्मीनारायण साहू, भूपेश्वरी यादव आदि उपस्थित थे।

# 70 बरगद और पीपल के पौधों का पिरथी ने किया रोपण, दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम अछरीडीह निवासी पर्यावरण मित्र पिरथी निषाद ने पर्यावरण संतुलन के लिए जीवन के अंतिम साँस तक पीपल, बरगद और नीम ऑक्सीजन दायिनी पौधा रोपण और संरक्षण का संकल्प लिया है। अब तक पीपल और बरगद के 70 वृक्ष लगा चुके हैं।

ग्राम पंचायत के मौहारीभाटा में घासफूल जगहों पर सात सालों से बरगद और पीपल, नीम के पेड़ लगाते आ रहे है। उनके संरक्षण के लिए कोडार नाला का पानी से संरक्षित कर रहे है। जब नदी सूख जाता है तब साइकिल से तालाब से पौधे के लिए पानी की ढुलाई करते है। निषाद ने बताया कि गर्मी के दिन में हर रोज सुबह शाम पानी पौधे पर डालते हैं। वन विभाग से नित्य संपर्क में रहकर वन अधिकारी लखिया मांडले से पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड (जाली) प्रदान की गई है। यथासंभव सहयोग भी मिल रहा है। अभी 100 पौधे की माँग की है। पर्यवारण मित्र पिरथी निषाद ने अपने जीवन में 70 से अधिक वृक्ष पीपल और बरगद,निम के पौधे लगाए है। उनका यह मानना है कि पर्यवारण में जो असन्तुलन आ रहा है, पृथ्वी के तापमान में जो वृध्दि हो रही है, उनका कारण अंधाधुंध वृक्षों की कटाई और ऑक्सीजन में कमी आई है। बढ़ते वाहनों औऱ फैक्ट्रियों से उत्सर्जित होने वाले प्रदूषण के कारण कार्बनडाई ऑक्साइड के स्तर में वृध्दि हुई है। उन्होंने अपने संदेश में प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन मे अधिक से अधिक पौधारोपण और संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया।



### भीषण गर्मी को देखते हुए छात्रहित में लिया गया निर्णय का स्वागतः मिश्रा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राज्य शासन के आदेश अनुसार प्रदेश के स्कूल में 2024-25 सत्र में 18 जून से खुलने का निर्देश प्राप्त हुआ था वर्तमान में प्रदेश में भीषण गर्मी एवं उमस के तहत छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ पालक संघ तथा विभिन्न शिक्षक संगठनों के द्वारा लगातार राज्य शासन से मांग की जा रही थी कि छात्र हित में बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को आगे बढ़ाया दिया जाए जिस पर राज्य शासन द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए अपनी मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए प्रदेश के समस्त स्कूलों को 26 जून से खुलने का आदेश प्रसारित कर दिया गया है। उक्त आदेश प्रसारित होने पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, आत्माराम साहू ,किशोर निर्मलकर, केशव साहू, सियाराम साहू, धर्मेंद्र ठाकुर, रूपलाल साहू आदि ने राज्य शासन के इस निर्णय के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रेषित किया है।

# ओवर रेट मामले में 2 सेल्समेन सहित 1 सुपरवाइजर बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा के सरकारी शराब दुकान में ओवररेट मामले को लेकर आबकारी विभाग द्वारा दो सेल्समेन एवं एक सुपरवाईजर के खिलाफ एक्शन लिया गया है। इन तीनों कर्मचारी वेंकटेश तिवारी, सूरज सोनवानी, गोवर्धन सुरेंद्र को जिम्मेदार ठहराते हुए सेवा से पृथक कर धारा 39 (ग) के तहत मामला बनाकर बर्खास्त किया गया है। लेकिन बड़ी मछलियों को विभाग के जिम्मेदार अफसरों ने बचा लिया है। इस संबंध में जिले के वरिष्ठतम अधिकारी डीओ विकास गोस्वामी ने रविवार को भाजपा नेताओं से साफ-साफ कहा था कि इसमें जो भी इन्वाल्मेंट पाए जाएंगे नीचे से ऊपर तक सबके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मगर यहां के जिम्मेदार निरीक्षक के ऊपर जरा सी आंच भी नही आई। ये ओवररेट की शिकायत केवल रविवार की नहीं है बल्कि जब से इस निरीक्षक ने यहां कार्यभार ग्रहण किया है तब से ओवररेट बदस्तुर चल रहा है। नेता और प्रशासनिक अधिकारी चुनाव में व्यस्त हो गए। इसका पूरा-पूरा फायदा निरीक्षक के निर्देश पर ओवररेट का काम जारी रहा।





बताना जरूरी है कि इस पूरे मामले में भाजपा नेता किशोर देवांगन और प्रसन्न शर्मा के टीम की प्रमुख भूमिका रही है। एक लंबे समय से नगर की दोनों शराब दुकान में मदिरा प्रेमियों को ओवररेट में शराब बेचे जाने की शिकायतें सामने आ रही थी। इसके बाद रविवार सुबह भाजपा नेताओं की टीम दोनों शराब दुकान पहुंचकर घेराव किए। इस दौरान ओवर रेट की शिकायत सही पाए जाने के बाद देवांगन ने आबकारी विभाग के अधिकारियों और शराब दुकानों में कर्मचारियों की नियुक्ति करने वाले ठेकेदार से मोबाइल पर चर्चा कर दो-टूक चेतावनी दी थी।

# कबड्डी संघ के अध्यक्ष बने रमेश पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कबड्डी संघ के अध्यक्ष रमेश पटेल, सचिव त्रिलोक पारकर, कोषाध्यक्ष राजेश धीवर, उपाध्यक्ष शरद पारकर बनाए गए। इस अवसर पर पूरन यादव, हरीश निषाद, कैलास साहू, सोमनाथ पटेल, साधु निषाद,जयंत पारकर, धर्मचंद वर्मा,ताराचन्द निषाद, परमेश्वर पटेल, चित्रलेखा नागेश, निराली यादव, सीतल साहू, मनीषा कश्यप, अर्वति, कुलेश्वर पटेल , प्रेमसिंग नागेश , किशोर पटेल, जितेंद्र पदरिया, गोविंद विश्वकर्मा, राघवेंद्र ध्रुव, ओमप्रकाश वर्मा, उदय यादव, विनोद यादव, विजय यादव सहित उपस्थित थे।

### पोल्ट्री फार्म निरस्त करने का आदेश, चक्काजाम स्थगित

**महासमुंद।** पोल्ट्री फार्म के लिए ग्राम पंचायत परसदा ब द्वारा दिए गए प्रस्ताव को निरस्त करने और पोल्ट्री फार्म संचालन पर रोक लगाने का आदेश जारी होने के बाद ग्राम नवापारा के ग्रामीणों ने 18 जून को होने वाले चक्काजाम आंदोलन को स्थगित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत परसदा के आश्रित ग्राम नवापारा में पोल्ट्री फार्म व्यवसाय के लिए पंचायत प्रस्ताव क्रमांक 04 निरस्त कराने और संचालित हो रहे पोल्ट्री फार्म पर रोक लगाने की मांग लंबे अर्से से की जा रही थी। अनेक गुहार लगा चुके थे। पोल्ट्री फार्म गांव के स्कूल, आंगनबाड़ी एवं आबादी क्षेत्र होने के कारण ग्रामीणों को पोल्ट्री फार्म से उठ रही दुर्गंध व गंदगी, मक्क्खियों से परेशानी हो रही थी। अनेक शिकायत और लोकसभा चुनाव बहिष्कार के बाद जांच के लिए तहसीलदार पहुंचे। जहां जांच पंचनामा रिपोर्ट में सही पाया लिखा गया है। किन्तु, गंभीरता से अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया ईद उल अजहा का पर्व



**छुरा।** नगर में ईदुल अजहा की नमाज सुबह 8:30 जे ईदगाह में अदा की गई। नमाज के बाद देश में अमन और शांति और भाईचारा की दुआ की गई।

उसके बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिल कर मुबारकबाद दी। उसके बाद कुर्बानी की रस्म अता की गई। मुस्लिम समुदाय में आज ही के दिन हज के अरकान पूरे होते है और हज के लिए जो गए है वो हाजी कहलाते हैं। छुरा के साथ ही जितने भी आसपास के मुस्लिम समुदाय के लोग है उन्होंने ईद की नमाज साथ में ईदगाह में पढ़ी।

# मुस्लिम भाइयों ने जूलुस निकाल ईदगाह पहुंच नमाज अता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में मुस्लिम समाज द्वारा सोमवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह 7:30 बजे रजा मस्जिद से जूलुस निकाली गई और यह जूलुस ईदागाह पहुंची जहां मौलाना सिब्तैन खान साहब द्वारा सुबह 8 बजे ईद की विशेष नमाज अदा कराई गई। पश्चात देश में अमन शांति खुशहाली की दुआ मांगी गई और सलातो- सलाम का नजराना पेश किया गया। मुस्लिम भाईओं ने एक- दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मुस्लिम समाज के लोगों ने कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहूमो के कब्रो में फूल, ईत्र चढ़ाकर फातिहा पढ़ी। इस मौके पर प्रमुख रूप से मुस्लिम समाज मैनपुर के सदर हनीफ मेमन, हाजी रफीक मेमन, हाजी गुलाम मेमन, हाजी सत्तार मेमन, हाजी शब्बीर मेमन, हाजी गफ्फार मेमन, वली मोहम्मद धन्नाड़ी, जुनैद रजा, अहमद बेग, शेख हसन खान, गुलाम रसुल बेग, इकबाल मेमन, जमाल खान, बबला भाई, अजीज अंसारी, अनीश सोलंकी, रब्बू भाई, ईकराम, रमजान खान, हनीफ भाई, जब्बीर भाई, ईशुफ मेमन, गुलाम मेमन, अफजल मेमन, शाहिद मेमन, सिकंदर मेमन, अलताफ खान, अमीन खान, आलीम अंसारी, रसीद खान, आकीस खान, जाहिद रजा, शरीफ रजा, जावेद मेमन, आसीफ मेमन सहित मैनपुर, धवलपुर मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या मे उपस्थित थे। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के नेतृत्व में दल बल के साथ पुलिस के जवान उपस्थित थे तो वहीं मैनपुर नगर में ईर्द पर्व पर प्रति वर्ष अनुसार आपसी भाईचारा, सद्भावना देखने को मिला हिन्दु मुस्लिम भाई गले मिलकर एक- दूसरे को बधाई देते नजर आए। देर रात तक मुस्लिम भाईओं के घरों में दावतों का सिलसिला, मिठी सेवाई की खुशबू आती रही।

- एक- दुसरे को गले मिलकर दी बधाई, देश में खुशहाली के लिए मांगी गई दुआ





